(ख) राज्य सरकारें शिक्षा आयोग की सिफारिशों से मोटे तौर पर सहमत हैं।

हैलीकोप्टर सेवा

3337. **श्री देवराव पाटिल : क्या पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान महाराष्ट्र सरकार द्वारा किये गये इस प्रस्ताव की ओर दिलाया गया है कि सांताक्रुज हवाई अड्डे के अक्षिण बम्बई के विभिन्न स्थानों के लिय हैलीकोप्टर सेवा चालू की जाय;

(ख) यदि हां, तो इस प्रस्ताव की मुख्य बातें क्या हैं और क्या इस सेवा का संचालन किसी गैर-सरकारी कम्पनी द्वारा किया जायेगा अथवा सरकारी क्षेत्र द्वारा; और

(ग) प्रस्तावित हैलीकोप्टर सेवा के कब तक चालू होने की सम्भावना है ?

पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री (डा० कर्ण सिंह) : (क) महाराष्ट्र सरकार की ओर से ऐसा कोई प्रस्ताव नोटिस में नहीं आया है।

(ख) और (ग). प्रश्न नहीं उठता।

उच्च न्यायालय में अनिर्णीत मामले

3338. **श्री हरदयाल देवगुण** : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली उच्च न्यायालय में कुल कितने मामले एक वर्ष से अधिक समय से अनिर्णीत हैं; और

(ख) क्या उच्च न्यायालय में मामलों को शीघ्र निपटाने के किसी प्रस्ताव पर सरकार विचार कर रही है ?

गृह-कार्य मंत्रालय म राज्य-मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) 31 दिसम्बर, 1967 को 8,085।

(ख) दिल्ली उच्च न्यायालय अधिनियम में संशोधन करने का प्रस्ताव विचाराधीन है ताकि न्यायालय के मूल क्षेत्राधिकार की आर्थिक सीमा को रु० 25,000 की रकम से अधिक बढ़ाया जा सके। इस प्रस्ताव के कार्यान्वित होने पर लम्बन कम हो जायेगा। इसके अतिरिक्त कुछ न्यायालय के लिये अतिरिक्त न्यायाधीश का एक और पद हाल में मंजूर किया गया है जिसके परिणामस्वरूप न्यायाधीशों की संख्या 10 स्थायी न्यायाधीश तथा 2 अतिरिक्त न्यायाधीश हो गई है। इस पद के तथा मौजूदा रिक्तियों के भरे जाने पर न्यायालय मामलों को शीघ्र निपटाने की स्थिति में हो जायगा।

ALLEGATIONS AGAINST EX-CHIEF MINISTER, PUNJAB

3339. SHRI RAM CHARAN: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a memorandum containing some allegations against Shri Gurmukh Singh Musafir, ex-Chief Minister of Punjab, was received by Government;

(b) if so, the allegations made therein; and

(c) the action taken in the matter?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA): (a) Yes, Sir.

(b) and (c). The allegations contained in the memorandum were mainly about misappropriation of party funds and appointment of relatives to Government posts. Copies of the Memorandum had been endorsed to the party hierarchy and it was for them to consider the matter relating to alleged misappropriation of party funds. As for the other allegations, from the preliminary check that was made, there did not appear any ground for holding an enquiry.

साम्प्रदायिक सूचियां

3340. **श्री राम चरण** : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत सरकार के बहुत से विभाग नियुक्ति करते समय माडल साम्प्रदायिक सूचियां नहीं तैयार करते हैं जिसके परिणामस्वरूप अनुसूचित जातियों और